# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक- 13 अक्टूबर, 2025** **थाना खुर्जा नगर**

## कूटरचित/फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला जनसुविधा केन्द्र का संचालक गिरफ्तार, कब्जे से 30 आधार कार्ड, 01 कम्पयूटर, 01 लैपटॉप, 02 प्रिन्टर आदि बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 12.10.2025 को थाना खुर्जा नगर की **मिशन शक्ति टीम** द्वारा एक अभिसूचना पर राणा जनसेवा केन्द्र से कूटरचित/फर्जी आधार बनाने वाले 01 शातिर अभियुक्त को 30 आधार कार्ड, 01 कम्पयूटर, 01 लैपटॉप, 02 प्रिन्टर आदि सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 953/25 धारा 318(1),336(1),338 बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. अतुल कुमार पुत्र राणा प्रताप सिंह निवासी श्रीराम सोसाइटी कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 30 आधार कार्ड
2. 01 लैपटॉप
3. 01 मॉनिटर
4. 01 सीपीयू, 01 की बोर्ड, 02 माउस

**उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं। जब सीधे साधे लोग अभियुक्त के जन सुविधा केंद्र पर अपने आधार कार्ड में जन्म तिथि, पता अथवा अन्य प्रविष्टियां अध्यवधिक कराने आते थे तब अभियुक्त के द्वारा बिना UIDAI में आधार प्रविष्टियां अपडेट कराए, लोगों से अधिक धन लेकर उनको उनकी मनचाही प्रविष्टियां भरकर एक कूटरचित अथवा फर्जी आधार कार्ड दे दिया जाता था जो असली आधार कार्ड जैसा ही दिखता था।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री पंकज राय प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. म0उ0नि0 प्रीति कुमारी, म0उ0नि0 अंजू बघेल, उ0नि0 जितेन्द्र सिंह,
3. का0 संजीव कुमार,



**मीडिया सेल बुलंदशहर।**